हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 12 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 सारणी में अंतर-जिला चोर गिरोह का एक सदस्य...



08 चौरासी महादेव दर्शन यात्रा में उमड़ा जन सैलाब...



## खबर संक्षेप

### नर्मदापुरम में तिरंगा यात्रा आज

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा यात्रा बुधवार सुबह 11 बजे एसएनजी ग्राउंड पास स्थित शहीद गैलरी से निकाली जाएगी। जिला सहसंयोजक नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने आमजन से तिरंगा यात्रा में शामिल होने की अपील की है। नपाध्यक्ष यादव द्वारा कहा गया है कि नर्मदापुरम नगर में 12 अगस्त को एसएनजी ग्राउंड के पास स्थित शहीद गैलेरी के नजदीक से यात्रा प्रारंभ होगी।



### कलेक्टर ने सुनीं 134 आवेदकों की समस्याएं

**नर्मदापुरम।** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया। कलेक्टर ने कुल 134 आवेदकों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण आदि के आवेदन आए।

विभाग बोला- रख रहे हैं नजर, नागरिकों को सुरक्षा के लिए दिए निर्देश

# दौड़ी झुनकर गांव में बाघ का खौफ खेतों में जाने से कतरा रहे किसान

जिले के केसला ब्लाक में एक बार फिर वन्य प्राणियों की आमद से क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

केसला ब्लॉक के सुखतवा क्षेत्र में इन दिनों इंसान और वन्यजीवों के बीच टकराव की स्थिति निर्मित होती दिख रही है। दौड़ी झुनकर गांव और उसके आसपास के इलाके इन दिनों बाघ की दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं। मंगलवार सुबह गांव के ही एक खेत में बाघ के खुलेआम घूमने की घटना ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। इस घटना के बाद से किसानों ने अकेले खेतों की ओर जाना बंद कर दिया है, जिससे कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

### क्षेत्र को अपना नया ठिकाना बना रहा है बाघ

इस घटना का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि यह बाघ का कोई इकलौता भटकाव नहीं है। सुखतवा रेंजर सुनीता उइके ने घटना की पुष्टि करते हुए एक चौंकाने वाली जानकारी दी है। उनके मुताबिक, यह बाघ पहले भी इस क्षेत्र में तीन से चार बार देखा जा चुका है। बार-बार एक ही इलाके में बाघ की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि वह इस कृषि क्षेत्र को अपना नया ठिकाना या शिकारगाह मान रहा है।

### ग्रामीणों के लिए कड़े सुरक्षा निर्देश



**अकेले न जाएं :** किसी भी ग्रामीण को अकेले खेतों या जंगल से लगे रास्तों पर जाने की सख्त मनाही है।

**समूह में निकलें :** बेहद जरूरी होने पर समूह (झुंड) में ही बाहर निकलें और साथ में शोर करने वाले उपकरण या लाठी रखें।

**दूरी बनाए रखें :** बाघ दिखाई देने पर किसी भी स्थिति में उसके नजदीक जाने, उसका पीछा करने या उसे घेरने का प्रयास न करें, यह जानलेवा हो सकता है।

### दिनदहाड़े खेत में दिखा जंगल का राजा

ग्रामीणों के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे जब किसान खेतों की ओर जा रहे थे, तभी उनकी नजर वहां मौजूद बाघ पर पड़ी। दिन के उजाले में बाघ को अपने इतने करीब देखकर ग्रामीणों के होश उड़ गए। लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए शोर मचाया, जिसके बाद बाघ धीरे-धीरे वापस जंगल की ओर लौट गया। इस पूरी घटना का किसी ग्रामीण ने वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो ने न केवल दौड़ी झुनकर, बल्कि आसपास के तमाम गांवों में भी दहशत फैला दी है।

### ग्रामीणों के लिए जारी की गई सख्त एडवायजरी

हालात की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। वन अमले ने इलाके में सुबह और शाम की गश्त तेज कर दी है और बाघ की हर मूवमेंट (गतिविधि) पर पैनी नजर रखी जा रही है।

### इनका कहना है

हमने क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है, हमारा प्रयास है कि किसी मानव को कोई नुकसान न हो, आला अधिकारियों और वाइल्ड लाइफ वालों से भी हमारी टीम लगातार संपर्क में है और उनके मार्गदर्शन में काम कर रहे हैं।

सुनीता उइके, रेंजर

## क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन कर ली शापिंग, थाने में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ा रहे हैं। पुलिस द्वारा समझाईश देने के बाद भी लोग इसका शिकार हो रहे हैं। सदर बाजार स्थित एक युवक के एसबीआई के क्रेडिट कार्ड से बदमाशों ने ऑनलाइन शॉपिंग कर ली और उन्हें पता नहीं चला। बताया जाता है कि गुडगांव कंपनी के नाम से क्रेडिट कार्ड से राशि निकाली गई। अब फरियादी युवक ने मामला दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि चार बार में है राशि निकाली गई। उनके खाते से कुल 49978 रुपए निकाले। इसके साथ ही इधर ग्लोबल पार्क कॉलोनी निवासी एक युवक के खाते से धोखाधड़ी से 48980 ट्रांसफर कर लिए।

यह मामला 1 अगस्त का बताया जाता है। अब दोनों ही मामलों में पुलिस जांच में जुटी हुई है। डिजिटल ठगी से बचने के लिए पुलिस ने लोगों से कहा कि लिंक पर क्लिक न करें, एपीके फाइल न खोले और अपना मोबाइल का पासवर्ड भी किसी को बताएं।

### चेक बाउंस प्रकरण में 2 लाख 24 हजार का जुर्माना और 6 माह के सश्रम कारावास

**नर्मदापुरम।** परिवादी एम .के. ए. क्रेडिट सॉल्यूशन महालक्ष्मी कमला आशीष क्रेडिट सॉल्यूशन द्वारा समीर जायसवाल कार्यालय मोरछली चौक नर्मदापुरम द्वारा सेवक राम आहूजा निवासी नर्मदा विहार कॉलोनी अभियुक्त के विरुद्ध 8 दिसंबर 2017 में धारा 138 के अंतर्गत चेक अनादरन का प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष अपने अधिवक्ता विजय व्यास के माध्यम से प्रस्तुत किया था। जो विगत कई वर्षों से माननीय न्यायालय के समक्ष लंबित होकर विचाराधीन रहा जिसमें परिवादी द्वारा अभियुक्त सेवक राम आहूजा एवं उसके पुत्र जितेंद्र आहूजा को एक लाख पच्चीस हजार रूपए की राशि वचन पत्र के माध्यम से उधार स्वरूप चैक व नगद द्वारा प्रदान की गई थी। उधार दी गई राशि के भुगतान के लिए एक्सिस बैंक लिमिटेड शाखा मीनाक्षी चौक का चेक परिवादी को दिया गया। परिवादी द्वारा बैंक में चेक प्रस्तुत करने पर राशि अपर्याप्त होने के कारण चेक अनाद्रित होकर वापस आ गया परिवादी द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस अभियुक्त को दिया गया अभियुक्त द्वारा भुगतान न किए जाने पर माननीय न्यायालय के समक्ष परिवादी द्वारा प्रकरण प्रस्तुत कर अपना पक्ष न्यायालय के समक्ष रखा गया। अभियुक्त के अधिवक्ता योगेश पटेल द्वारा अभियुक्त के बचाव पक्ष को माननीय न्यायालय के समक्ष रखा गया। विवेचना के आधार पर अभियुक्त को धारा 138 पराक्रम लिखित अधिनियम के अंतर्गत अपराध के आरोप में दोष सिद्ध पाया।

## सांड के हमले में सामाजिक कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर की सड़कों पर इन दिनों आवारा मवेशियों के कारण दहशत का माहौल है। शहर के हर प्रमुख मार्ग, चौराहे और गली-मोहल्लों में हिंसक रूप से लड़ते और धमाचौकड़ी मचाते मवेशी अब नागरिकों की जान के दुश्मन बन गए हैं। राहगीर और वाहन चालक लगातार दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इस गंभीर लापरवाही का एक प्रत्यक्ष और खौफनाक उदाहरण पुरानी इटारसी क्षेत्र में देखने को मिला। पुरानी इटारसी में एक हिंसक आवारा सांड ने एक सामाजिक कार्यकर्ता पर अचानक जानलेवा हमला कर दिया। सांड ने उन्हें इतनी बुरी तरह से टक्कर मारी कि वे सीधे पास की नाली में जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत माता मंदिर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के परीक्षण के बाद बताया गया कि उनके पैर और जांघ में गहरी चोटें आई हैं।

## साप्ताहिक जनसुनवाई में एसपी ने सुनीं आमजन की समस्याएं, अधिकारियों को कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय और जिले के सभी थानों में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा (भापुसे) ने अपने कार्यालय में जिले भर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

जनसुनवाई के दौरान पारिवारिक विवाद, संपत्ति विवाद और धोखाधड़ी से संबंधित कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए। एसपी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित एसडीओपी और थाना प्रभारियों को मामलों की तत्काल जांच कर त्वरित और वैधानिक कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

इस साप्ताहिक जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आम



नागरिकों को समय पर न्याय दिलाना और पुलिस-प्रशासन के प्रति जन-विश्वास को मजबूत करना है। नागरिक हर मंगलवार को आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई में बेझिझक अपनी शिकायतें उच्च अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्र में हुई गोद भराई, दी समझाइश

**नर्मदापुरम।** शहर की आंगनवाड़ी केंद्रों में विभिन्न आयोजन किया जा रहे हैं। इसी के चलते मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 92 फौजदार कॉलोनी रसूलिया में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में माया राजपूत की गोद भराई की गई। इस दौरान मातृ सहयोगिनी समिति के सदस्य सविता सराठे, दीपिका मीना, सुनीता लोधी, मनीषा मालवी, भारती अहिरवार और बड़ी संख्या में वार्ड के हितग्राही एव कार्यकर्ता अनीता जाटव एवं सहायिका शिवानी जाटव मौजूद रहीं। इस दौरान आंगनवाड़ियों में महिलाओं को जागरूक भी किया।

## नपाध्यक्ष द्वारा स्वच्छता कर्मियों को रैनकोट वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा समस्त स्वच्छता कर्मियों को रैन कोट वितरित किए गए। इस अवसर नपाध्यक्ष यादव ने कहा कि स्वच्छता कर्मी बेहद कर्मठ और ईमानदार हैं। अलसुबह से लेकर देर रात तक नगर की साफ सफाई व्यवस्था में लगे रहते हैं। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को समस्त स्वच्छता कर्मियों को रैन कोट का वितरण किया गया है। रैन कोट वितरण के दौरान स्वच्छ भारत अभियान नोडल अनुराग तिवारी, विशाल शर्मा, सतीष यादव, पार्षद सिमरन रैकवार पार्षद प्रतिनिधि अर्पित मालवीय आदि उपस्थित थीं।

## किसानों को लाभ दिलाने के लिए बिचौलियों की भूमिका कम करने की सांसद ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने लोकसभा में नियम 377 के अधीन किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण विषय को उठाते हुए सरकार से कृषि योजनाओं की सब्सिडी एवं सहायता राशि सीधे किसानों तक पहुंचाने की व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की मांग की है।

सांसद श्री चौधरी ने अपने मामले में कहा कि किसानों के हित में सरकार द्वारा उर्वरक, बीज, कीटनाशक, कृषि यंत्र, विद्युत, सिंचाई, न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा अन्य योजनाओं के माध्यम से कंपनियों के जरिए प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख करोड़ की प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहायता उपलब्ध कराई जाती है। यह किसानों के हित में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अनेक योजनाओं में सब्सिडी का लाभ कंपनियों अथवा मध्यस्थ संस्थाओं के माध्यम से किसानों तक पहुंचता है। ऐसे में यह जानना आवश्यक है कि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कितनी कंपनियां सब्सिडी वितरण व्यवस्था से जुड़ी हैं तथा इस प्रक्रिया में प्रशासनिक एवं वितरण लागत कितनी है। सांसद चौधरी ने सरकार से यह भी जानना चाहा कि क्या ऐसी व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है, जिसमें जहां संभव हो वहां मध्यस्थ व्यवस्था को कम करते हुए सब्सिडी अथवा सहायता राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाए।

## नपाध्यक्ष नीतू यादव ने किया सड़क, नाली निर्माण का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 11 में स्थित राधा माधव नगर में चल रहे सड़क और नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को कार्य को समय सीमा में तथा गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। सड़क और नाली निर्माण होने से वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष श्रीमती यादव को धन्यवाद दिया।

निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष यादव के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता प्रसन्न हर्णे, उपयंत्री रीना गुप्ता, पार्षद गणेश बाबरिया, वार्डवासी उपस्थित रहे।

## पशु से कुकृत्य मामले में लोहा व्यापारी की भूमिका पर सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के समीपस्थ ग्राम निमसाड़िया में पशु के साथ हुए घिनौने और निंदनीय कृत्य का मामला अब एक नया मोड़ ले चुका है। आरोपी लाला पड़ियार की करतूत पर जहां पूरे गांव में गहरा आक्रोश है, वहीं अब इस पूरे घटनाक्रम में लोहे का कारोबार करने वाले व्यापारी प्रदीप गिल की संदिग्ध भूमिका को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोपी को एक सप्ताह के लिए गांव से बाहर निकाला गया है। ग्रामीणों और प्रबुद्ध वर्ग ने इस मामले में केवल आरोपी ही नहीं, बल्कि घटना को छिपाने वाले व्यापारी पर भी सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है।

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

आरोपी लाला पड़ियार व्यापारी प्रदीप गिल्ला के कारखाने में काम करता था। आरोप है कि उसने कारखाने के भीतर ही गौ माता के साथ आपत्तिजनक कृत्य किया, जिसकी पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। व्यापारी की भूमिका पर उठते सवाल मामले की जानकारी मिलने के बाद व्यापारी ने आरोपी के साथ मारपीट की और उसके परिजनों को बुलवाया, लेकिन इतने गंभीर व संवेदनशील अपराध की सूचना तत्काल पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं दी। ग्रामीणों का कहना है कि जब कारखाने में इतना बड़ा कुकृत्य हुआ और सीसीटीवी के रूप में ठोस साक्ष्य मौजूद थे, तो व्यापारी ने इसे पुलिस से छिपाया है जो जांच का विषय है।

घटना की खबर मिलते ही ग्राम सरपंच बालेंद्र पटेल की मौजूदगी में ग्रामीणों और पंचों की एक आपातकालीन बैठक बुलाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आरोपी लाला पड़ियार को गांव से निष्कासित कर दिया गया। सरपंच बालेंद्र पटेल ने कहा कि गौवंश के साथ ऐसा घिनौना कृत्य अत्यंत निंदनीय है, जिससे पूरे समाज और गांव की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। उन्होंने कहा कि साक्ष्य छिपाने और देरी करने के मामले में कार्रवाई की जाए।

## काले महादेव मंदिर में अखंड रामसत्ता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर के साईंनगर कॉलोनी, न्यू यार्ड स्थित श्री प्रज्ञा श्याम सुंदर आश्रम के प्रसिद्ध काले महादेव मंदिर परिसर में 24 घंटे की अखंड रामसत्ता का धार्मिक आयोजन हुआ। भक्तिमय वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित भजन मंडलियां भाग ले रही हैं, जिससे पूरा परिसर संगीतमय और राममय हो उठा है। यह धार्मिक अनुष्ठान नंदकिशोर एवं उनके परिवार द्वारा आयोजित कराया गया था। अहोरात्र चलने वाले इस आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से आई भजन मंडलियां प्रभु श्रीराम के भजनों की संगीतमय प्रस्तुतियां दे रही हैं। आयोजन को सुचारू और सफल बनाने में मंदिर के पुजारी पंडित नीलेश मिश्रा, धनसिंह राजपूत, हीरो भाई सहित स्थानीय नागरिकों और महिला मंडल का विशेष सहयोग मिल रहा है। श्रद्धालु एवं महिला मंडल की सदस्य व्यवस्थाएं संभालने के साथ-साथ भजन-कीर्तन में बढ़-चढ़कर सहभागिता दर्ज करा रही हैं।

विवेकानंद घाट से निकाली गई कांवड़ यात्रा

## शिवभक्ति में डूबा नर्मदापुरम, गूंजे हर-हर महादेव के जयघोष, नर्मदा के जल से किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



श्रावण मास के पावन अवसर पर सोमवार को नर्मदापुरम शिवभक्ति से सराबोर नजर आया, महाकाल मित्र मंडल के तत्वावधान में विवेकानंद घाट से काले महादेव मंदिर तक भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई।

हजारों शिवभक्तों ने कंधों पर कावड़ उठाकर मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ पदयात्रा की। पूरे यात्रा मार्ग में "हर-हर महादेव", "बम-बम भोले" और "जय श्री महाकाल" के जयघोष गूंजते रहे।यात्रा का शुभारंभ विवेकानंद घाट से हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां नर्मदा का पूजन कर कावड़ में पवित्र जल भरा। इसके बाद भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और शिवभक्ति के बीच कावड़ यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए काले महादेव मंदिर पहुंची।

यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा, मातृशक्ति और धर्मप्रेमी शामिल हुए।कावड़ यात्रा का नगर के प्रमुख मार्गों पर पत्रकारों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने पुष्पवर्षा और स्वागत कर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। जगह-जगह हुए स्वागत से यात्रा का माहौल और भी भक्तिमय हो गया।काले महादेव मंदिर पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

### सावन में जमकर बरसे बदरा

**नर्मदापुरम।** पिछले तीन दिनों से बारिश का दौर जारी है। कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश हो रही है और मंगलवार सुबह से भी रुक-रुककर बौछारें पड़ रही हैं। तीन दिनों में जिले में औसतन करीब 4 इंच बारिश दर्ज की गई है। लगातार बारिश के कारण जिले की नदियों, तालाबों और डैमों का जलस्तर भी बढ़ गया है। नर्मदा नदी में सेठानी घाट पर 48 घंटे में 9.6 फीट पानी बढ़ा है, जबकि तवा डैम का जलस्तर 8.5 फीट बढ़ा है। जिले में रविवार तड़के से बारिश का दौर शुरू हुआ था, जो मंगलवार को भी जारी है। इस दौरान कभी तेज बारिश हुई तो कभी रिमझिम फुहारें पड़ती रहीं। मंगलवार सुबह भी कई क्षेत्रों में बौछारें पड़ती रही। तीन दिनों की बारिश में जिले में औसतन करीब 4 इंच पानी गिर चुका है। लगातार बारिश से नदी, तालाब और डैमों में पानी की आवक बढ़ी है।

## गर्ल्स कॉलेज में निकली भव्य तिरंगा रैली, लगाए गए नारे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्थानीय शासकीय कन्या महाविद्यालय में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय की छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स और प्राध्यापकों ने हाथों में तिरंगा थामकर पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान ₹भारत माता की जय₹ और ₹वंदे मातरम₹ के नारों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया।

रैली का उत्साह देखकर आसपास के मोहल्लों के छोटे-छोटे बच्चे भी छात्राओं के साथ नारे लगाते नजर आए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आर.एस. मेहरा ने तिरंगे को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और शहीदों के बलिदान का प्रतीक बताया। वहीं, एनसीसी अधिकारी श्रीमती प्रेमलता पाटिल ने इसे युवाओं में अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना जगाने वाला आयोजन कहा।

## खबर संक्षेप

### लापता व्यक्ति का कुएं में मिला शव

**बैतूल।** भड़स गांव में सोमवार देर रात एक 57 वर्षीय व्यक्ति का शव खेत में बने कुएं से बरामद हुआ। मृतक की पहचान राजेश पवार के रूप में हुई है। राजेश 8 अगस्त की रात से लापता थे। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। सोमवार को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद तलाश शुरू की गई, जिसके दौरान खेत के कुएं के पास उनका छाता मिला। इसके बाद कुएं में तलाश की गई तो राजेश का शव बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार राजेश पवार 8 अगस्त की रात करीब 11 बजे घर से निकले थे। इसके बाद वे वापस घर नहीं लौटे। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। गांव और आसपास के इलाकों में खोजबीन करने के बावजूद राजेश का कोई पता नहीं चल सका। सोमवार को परिजन खेड़ी पुलिस चौकी पहुंचे और उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस के साथ मिलकर आसपास के इलाकों में राजेश की तलाश शुरू की। गांव के आसपास स्थित खेतों में भी खोजबीन की गई। तलाश के दौरान परिजन और ग्रामीण प्रदीप सरन्नेकर के खेत तक पहुंचे। यहां खेत में बने कुएं के पास राजेश का छाता पड़ा मिला। छाता मिलने के बाद परिजनों को आशंका हुई कि राजेश संभवतः कुएं में गिर गए होंगे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कुएं में तलाश शुरू की। कुछ देर की खोजबीन के बाद राजेश का शव कुएं से बाहर निकाला गया। पुलिस के मुताबिक, शव के साथ कुएं में राजेश के दोनों जूते भी मिले। घटनास्थल पर मिले इन परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस फिलहाल इसे प्राथमिक तौर पर दुर्घटना मानकर जांच कर रही है।

### भौंरा उपकेंद्र में लगाया 3.15 एमवीए का अतिरिक्त पीटीआर

**भौंरा।** शाहपुर ब्लॉक के वितरण केंद्र भौंरा अंतर्गत आने वाले 33/11 केव्ही उपकेन्द्र की क्षमता बढ़ाते हुए 11 अगस्त को यहां एक नया पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक स्थापित कर चार्ज कर दिया गया है। इस उपकेंद्र से क्षेत्र के 12 गांवों के 1290 से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। उपकेंद्र पर 3.15 एमवीए का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर लगने से क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों और किसानों को अब आने वाले सिंचाई सीजन में कम वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। इससे गुणवत्तापूर्ण वोल्टेज के साथ निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इस क्षमता वृद्धि से कुंडी फीडर कृषि पंप के अंतर्गत आने वाले रायपुर, पाहवाड़ी, पावरझंडा और सेमरपुरा के 320 कृषक तथा डोडरामोहर, चिरमटेकडी, सलीमेट, मानसिंहपुरा और नया निशान, कछार के 970 घरेलू उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। यह महत्वपूर्ण कार्य उप महाप्रबंधक निर्माण संभाग, सहायक प्रबंधक एसटीएम/एसटीसी दिनेशस्वर बांसोड़, वितरण केंद्र प्रभारी सी एल साकोम तथा संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि की उपस्थिति में पूरी सुरक्षा और सफलता के साथ संपन्न कराया गया।

### दूध-दुग्ध उत्पादों पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की सख्ती

**बैतूल/शाहपुर।** नियंत्रक खाद्य, औषधि प्रशासन एवं कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार दूध एवं दुग्ध उत्पादों पर विशेष अभियान के अंतर्गत 11 अगस्त को खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री पुरुषोत्तम भंडुरिया एवं कार्यालय सहायक योगेश दिवगाया द्वारा शाहपुर शहरी क्षेत्र में राम मंदिर के पास स्थित गुप्ता इंटरप्राइजेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में वास्तु ब्रांड के विभिन्न साइज के पैकेट में घी का भंडारण पाया गया। घी की गुणवत्ता में संदेह के आधार पर 9294 रुपए कीमत का लगभग 10 लीटर घी अधिग्रहित किया गया। साथ ही वास्तु ब्रांड के पैक घी के 02 नमूने जांच हेतु लिए गए। सभी नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम प्रकरण प्रस्तावित किया जाएगा। खाद्य पदार्थों, विशेषकर दूध, दूध उत्पाद एवं घी की जांच नियमित रूप से जारी रहेगी।

---

### धार से आकर दिन में रेकी, रात में सूने मकानों को बनाते थे निशाना

# सारणी में अंतर-जिला चोर गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारणी



थाना सारणी पुलिस ने अंतर-जिला चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन नकबजनी की वारदातों का खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य मनीष पिता ठाकुर सिंह वसूनिया (23), निवासी धार को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी में प्रयुक्त वाहन, 3 हजार रुपए नकद और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने अपने पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर सारणी के अलावा मुलताई, छिंदवाड़ा और सिवनी में भी चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है।

पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य धार जिले के टांडा क्षेत्र से 10 से 15 दिनों के लिए चोरी करने निकलते थे। दिन में घूमकर ऐसे सूने मकानों की रेकी की जाती थी, जिनके मालिक या परिवार के सदस्य बाहर गए हों। रात होते ही मकानों के ताले तोडक़र चोरी की वारदात को अंजाम दिया जाता था। आरोपी सीसीटीवी कैमरों की नजर से बचने का प्रयास करते और वारदात के बाद तत्काल क्षेत्र छोड़ देते थे। पुलिस के मुताबिक 2 अगस्त की रात सतपुड़ा कॉलोनी, पाथाखेड़ा में दो सूने मकानों को चोरों ने निशाना बनाया। संजय शर्मा के मकान से सोने-चांदी के आभूषण और 35 हजार रुपए नकद तथा दयालाल मेहरा के मकान से सोने-चांदी के आभूषण और 3 हजार रुपए चोरी किए गए। दोनों मामलों में थाना सारणी में अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए थे। इसके बाद 9 अगस्त की रात रेस्क्यू कॉलोनी, पाथाखेड़ा निवासी राहुल धुर्वे के मकान का ताला तोडक़र चोर एक मंगलसूत्र, सोने के कान के टॉप्स और सोनाटा घड़ी सहित करीब 95 हजार रुपए का सामान ले गए थे।

#### सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों से पकड़ाए आरोपी

तीनों घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन ने आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे एवं एसडीओपी सारणी प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में थाना सारणी पुलिस ने घटनास्थलों की बारीकी से जांच की। सीन ऑफ क्राइम विशेषज्ञ निरीक्षक आबिद अंसारी ने डॉग एस्कॉर्ट के साथ घटनास्थलों का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य जुटाए। वहीं पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। इन्हीं सुरागों के आधार पर पुलिस टीम ने 10 अगस्त को धार जिले से मनीष वसूनिया को गिरफ्तार कर लिया।

#### पूछताछ में पांच और आरोपियों के नाम आए सामने

गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह दिनेश पिता शंकर वसूनिया, मानसिंह उर्फ मान्या उर्फ मनु पिता बायसिंह मोहनिया, सुरपसिंह मोहनिया, रेवसिंह मोहनिया और छगन वसूनिया के साथ वाहन से चोरी करने बैतूल जिले में आया था। सभी आरोपी धार जिले के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों द्वारा मुलताई क्षेत्र स्थित खाटू श्याम मंदिर की दान पेटी, छिंदवाड़ा के तामिया थाना क्षेत्र और सिवनी जिले में भी चोरी करने की जानकारी सामने आई है। इन वारदातों के संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

#### मुख्य आरोपी पर 10 हजार का इनाम

पुलिस जांच में मानसिंह उर्फ मान्या उर्फ मनु को गिरोह का मुख्य सदस्य बताया गया है। उसके खिलाफ विभिन्न जिलों में आपराधिक प्रकरण दर्ज होने की जानकारी सामने आई है, जिसकी पुष्टि की जा रही है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक बैतूल ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। वहीं फरार आरोपी दिनेश वसूनिया की गिरफ्तारी पर भी 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस के अनुसार इसी टांडा, धार क्षेत्र की गैंग का नाम वर्ष 2017 में मुलताई में हुई डकैती तथा वर्ष 2021 में बड़वानी में हुई बड़ी डकैती की घटना से भी जुड़ा बताया जा रहा है। संबंधित मामलों में पुलिस द्वारा रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। गिरोह का पर्दाफाश कर तीन चोरी की वारदातों का खुलासा करने और आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन के लिए पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने 10 हजार रुपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की है।

---

### पार्कों में फव्वारे से होगा सौंदर्याकरण

# जय स्तंभ पर लगेगा 100 फीट उंचा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी



नगर पालिका सारनी में मंगलवार 11 अगस्त 2026 को प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक का आयोजन शाम 5 बजे से किया गया। इसमें विभिन्न 120 प्रस्तावों पर चर्चा की गई। तकरीबन सभी को पी.आई.सी. ने मंजूरी दी। मुख्यतः जय स्तंभ पर 100 फीट उंचा तिरंगा लगाने, सारनी की अंबेडकर प्रतिमा के पास फव्वारा लगाने और शहर में सात स्थानों पर सार्वजनिक शौचालय बनाने पर सहमति बनी।

बैठक में लिए गए ज्यादातर प्रस्तावों में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सौंदर्गीकरण कार्य किए जाने को मंजूरी दी गई। नगर पालिका में अध्यक्ष कक्ष में आयोजित उक्त बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पीआईसी सदस्य, दशरथ सिंह जाट, भीम बहादुर थापा, गणेश महस्की, भावना माकोड़े, बेबी ठाकुर, रोशनी झपाटे, संगीता धुर्वे एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी हितेश शाक्य के अलावा अन्य शाखा प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में शहर में निर्माण कार्यों, सामग्री की वार्षिक दरों, कर्मचारियों के अवकाश व अन्य प्रकरणों पर चर्चा हुई।

नगर पालिका सीमा क्षेत्रांतर्गत सौंदर्गीकरण के अंतर्गत निर्मित पार्कों (वार्ड 9,17,24,35 एवं बाबा साहेब अम्बेडकर प्रतिमा के समीप शापिंग सेंटर सारनी) में फाउन्टेन (फव्वारा) लगाया जाएगा। सारनी में अंबेडकर प्रतिमा पर पूर्व निर्मित छतरी को हटाकर नवीन स्टील छतरी एवं अन्य सौंदर्यकरण कार्य होंगे। इसके अलावा वार्डों में सीसी रोड, आरसीसी नाली, पेवर ब्लाक फिक्सिंग, सीसी रिन्यूअल कोट, बाउंड्रीवाल, सार्वजनिक मंच, पुलिया पैराफिट वाल, टिन शेड निर्माण समेत अन्य प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

#### सार्वजनिक स्थलों पर आर.ओ. वॉटर कूलर लगेंगे

साप्ताहिक बाजार सारनी, पाथाखेड़ा, शोभापुर, जय स्तंभ चौक सारनी, ई लायब्रेरी पाथाखेड़ा, शोभापुर बस स्टॉप, न.पा.स्वागत द्वार बगडोना, कुल 7 स्थलों पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण होंगे। मस्जिद चौक सारनी, जय स्तंभ चौक सारनी, बस स्टैंड पाथाखेड़ा, शोभापुर बस स्टॉप, रिलायंस पेट्रोल पंप बगडोना, कुल 5 स्थलों पर सार्वजनिक आर.ओ. वाटर कूलर निर्माण होगा। विभिन्न पार्कों में जिम उपकरण एवं बच्चों के झूले लगाने पर विचार हुआ। जय स्तंभहाईमास्ट नेशनल फ्लेग स्थापित करने, मठारदेव मंदिर प्रवेश द्वार से तलहटी मंदिर तक रोड के दोनों ओर डेकोरेटिव पोल लाईट स्थापना लगाने का निर्णय हुआ।

---

### कैम्ब्रिज एएस लेवल परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल कर

# दीवा डागा ने देश एवं सतपुड़ा वैली स्कूल का नाम विश्व में किया रोशन



**बैतूल।** सतपुड़ा वैली स्कूल की कक्षा 11वी की छात्रा एवं स्कूल कैप्टन दीवा डागा ने कैम्ब्रिज एएस लेवल एग्जामिनेशन जून 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 92 प्रतिशत का उत्कृष्ट कुल स्कोर हासिल कर विद्यालय और बैतूल का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि ने स्कूल की शैक्षणिक उत्कृष्टता को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है। दीवा ने परीक्षा के विभिन्न विषयों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने मैथ्स में 92, इकोनॉमिक्स में 92, साइकोलॉजी में 93 तथा इंग्लिश लिटरेचर में 91 अंक प्राप्त किए। सभी विषयों में उनके शानदार प्रदर्शन ने उनकी मेहनत, लगन और अध्ययन के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। शैक्षणिक उपलब्धि के साथ-साथ दीवा डागा स्कूल कैप्टन के रूप में अपनी नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारियों का भी प्रभावी ढंग से निर्वहन कर रही हैं। पढ़ाई, अनुशासन और नेतृत्व के बीच उनका संतुलन विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है। दीवा की इस उपलब्धि से सतपुड़ा वैली स्कूल परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय निर्देशिका दीपाली निलय डागा, उप प्राचार्य अरविन्द सिंह राजपूत, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने दीवा डागा को उनकी शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। दीवा डागा की यह सफलता उनकी मेहनत और लगन का परिणाम होने के साथ ही सतपुड़ा वैली स्कूल की शैक्षणिक

### कल को निकलेंगी भव्य तिरंगा रैली

**बैतूल।** राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन बैतूल द्वारा 13 अगस्त को भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली प्रातः 10 बजे लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम से प्रारंभ होगी। रैली लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम से प्रारंभ होकर शिवाजी चौक, एसपी ऑफिस, कन्या विद्यालय गंज के सामने से होते हुए टांगा चौक, दिलबहार चौक, रेलवे स्टेशन, मैकेनिक चौक, आदिवासी मंगल भवन, कारगिल चौक और अंबेडकर चौक होते हुए शिवाजी ऑडिटोरियम पहुंचेगी, जहां रैली का समापन होगा। तिरंगा रैली में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी,

---

### नोटरी अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# शपथ आयुक्तों द्वारा अनधिकृत शपथ पत्र बनाए जाने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

**तहसील एवं न्यायालय परिसर में शपथ पत्र बनाए जाने को लेकर नोटरी अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) राजीव कहार को ज्ञापन सौंपा। नोटरी अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि शपथ आयुक्तों द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर विभिन्न प्रकार के शपथ पत्र तैयार एवं प्रमाणित किए जा रहे हैं। साथ ही, मुलताई एवं प्रभात पट्टन के लोक सेवा केंद्रों सहित अन्य कार्यालयों में भी शपथ आयुक्तों द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र स्वीकार किए जाने की बात कही गई है। ज्ञापन में बताया गया कि नियमानुसार शपथ आयुक्तों को केवल व्यवहार न्यायालय में उपयोग होने वाले शपथ पत्र तैयार एवं प्रमाणित करने का अधिकार है। इसके अलावा अन्य शासकीय कार्यों के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापित किए जाने चाहिए। नोटरी अधिवक्ताओं का आरोप है कि इसके बावजूद मुलताई एवं प्रभात पट्टन के लोक सेवा केंद्रों में शपथ आयुक्तों द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र स्वीकार किए जा रहे हैं, जो निर्धारित प्रक्रिया के विपरीत है।

#### लोक सेवा केंद्रों को नोटरी से प्रमाणित शपथ पत्र लेने के निर्देश देने की मांग

नोटरी अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि शपथ आयुक्तों द्वारा प्रमाणित ऐसे शपथ पत्रों को स्वीकार करने पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही, लोक सेवा केंद्रों के लिए स्पष्ट आदेश जारी किया जाए कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार केवल नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र ही स्वीकार किए जाएं। नोटरी अधिवक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि शपथ आयुक्तों द्वारा व्यापक रूप से शपथ पत्र तैयार किए जाने के कारण शासन को लाखों रुपये के राजस्व की क्षति हो रही है। उन्होंने इस मामले में संबंधित अधिकारियों से नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।

#### एसडीएम ने अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

ज्ञापन प्राप्त करने के बाद एसडीएम राजीव कहार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार एवं लोक सेवा केंद्र प्रभारी को बुलाकर आवश्यक जानकारी ली तथा मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद नोटरी अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि लोक सेवा केंद्रों में शपथ पत्र स्वीकार करने की प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान नोटरी अधिवक्ता प्रशांत भार्गव, संदीप भार्गव, सी.एस. सोनी, दिनेश पवार, मनीष नरवरे, गुणवंत निंबूलकर, अमित चौकीकर, प्रवीण माने, चेतराम वनखेड़े, टी.आर. दहारे, सुरेश मकोड़े, रमेश चिलहते, प्रमोद पवार, कैलाश पवार, कुणाल सिंह ठाकुर सहित अन्य नोटरी अधिवक्ता मौजूद रहे।

---

### साइबर हमले हुए तेज और स्मार्ट, विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी से बचने के बताए तरीके

# साइबर अपराध से बचने का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता



**बैतूल।** शासकीय महाविद्यालय आठनेर में साइबर अपराधों से सुरक्षा के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार से शुरू हुआ। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। सतपुड़ा पर्यावरण समिति अध्यक्ष सतीश ठाकरे ने कहा कि साइबर हमले तेज और स्मार्ट हो गए हैं, ऐसे में बचाव का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी फर्जी फोन कॉल, मैसेज, ई-मेल और वेबसाइट के जरिए लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। कई बार ठग बैंक अधिकारी बनकर ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड और बैंक खाते की जानकारी मांगते हैं। यह जानकारी साझा करने पर बैंक खाते से पैसे निकाले जा सकते हैं। विद्यार्थियों को समझाया कि वे अनजान व्यक्ति के साथ निजी जानकारी साझा न करें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने और अनजान ऐप डाउनलोड करने से बचें। सोशल मीडिया अकाउंट पर मजबूत पासवर्ड के साथ दो-स्तरीय सुरक्षा का इस्तेमाल करने के लिए भी कहा गया। प्राचार्य डॉ. सरोज पाटिल ने कहा कि साइबर अपराध से बचने का सबसे अच्छा तरीका जागरूकता और सावधानी है। प्रत्येक विद्यार्थी स्वयं सुरक्षित रहने के साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करे। कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ. वर्जिनिया दवंडे, प्रो. माधुरी तुम्बेकर, डॉ. साधना ठाकुर, स्पोर्ट ऑफिसर पिनहास दास वाडिया, डॉ. सुरेन्द्र जीतपुरे, डॉ. विकेश कुमार सिंह और प्रो. हरिकिशन कोगे उपस्थित रहे।

---

# विद्यार्थियों को दी कानून की जानकारी विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

### शिविर में कानून के पालन और पुलिस को सहयोग करने का आह्वान



**मुलताई।** नगर के सनराइज स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कानून एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायिक अधिकारियों एवं शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों को कानून के महत्व, नागरिकों की जिम्मेदारियों तथा समाज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। शिविर में एडीजे श्रीमती यतेश सिसोदिया एवं वर्धमान आईटीआई के संचालक अरुण यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एडीजे श्रीमती सिसोदिया ने कहा कि कानून का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों को भी अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने आसपास होने वाली किसी भी प्रकार की असामाजिक अथवा संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें। समय रहते पुलिस को सूचना मिलने से असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है और अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने का भी आह्वान किया।

#### आम नागरिकों को भी कानून के प्रति जागरूक करने पर जोर

कार्यक्रम के दौरान गिरधर यादव ने विद्यार्थियों को कानून के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी दैनिक गतिविधियों में आम नागरिकों को भी कानून से जुड़ी सामान्य जानकारियां देने का प्रयास करना चाहिए। इससे लोगों को कानून की कार्यप्रणाली समझने के साथ-साथ अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि कानून के प्रति जागरूकता ही एक बेहतर और जिम्मेदार समाज की आधारशिला है। यदि नागरिकों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होगी तो वे न केवल स्वयं कानून का पालन करेंगे, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकेंगे।

---

### टेकाथान 2.0 प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान

# आरडीपीएस बैतूल की टीम ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



**उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान आर डी पब्लिक स्कूल बैतूल के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहें हैं। राजा रामन्ना सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी इंदौर द्वारा नीति आयोग एवं अटल इनोवेशन मिशन के सहयोग से 6 एवं 7 अगस्त को आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय टेकाथान 2.0 प्रतियोगिता में आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल की टीम थंडर ने देशभर में प्रथम स्थान हासिल कर बैतूल को गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि 6 एवं 7 अगस्त 2026 को इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर से चयनित 14 श्रेष्ठ टीमों ने भाग लिया था। आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल के कक्षा 10 वीं के छात्र आशुतोष सिंह ठाकुर एवं कक्षा 11 की छात्रा सुहानी वर्मा की टीम थंडर ने अपनी अभिनव सोच, तकनीकी दक्षता, समस्या समाधान क्षमता और प्रभावी प्रस्तुति के दम पर सभी टीमों को पीछे छोड़ते हुए विजेता का खिताब हासिल किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पहले तीन चरणों की ऑन लाइन मूल्यांकन प्रक्रिया आयोजित की गई थी। इन चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल की टीम का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के फाइनल में चयन हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल में आरडीपीएस की टीम ने अपने प्रोजेक्ट की उपयोगिता, तकनीकी पक्ष और नवाचार का प्रभावी प्रस्तुतीकरण करते हुए निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया और प्रथम स्थान हासिल किया।**

#### 25 हजार पुरस्कार के साथ मिला इनक्यूबेशन सपोर्ट

राष्ट्रीय विजेता बनने पर आरडीपीएस बैतूल की टीम को 25,000 रुपए की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इससे विद्यार्थियों को अपने नवाचार को और विकसित करने तथा उसे भविष्य में उपयोगी तकनीकी समाधान के रूप में आगे ले जाने का अवसर मिलेगा। आरडीपीएस बैतूल की डायरेक्टर ऋतु खंडेलवाल का विजन विद्यार्थियों को विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करवाने के साथ ही उन्हें भविष्य की तकनीकी दुनिया के लिए सक्षम बनाना है। विद्यालय में विज्ञान, तकनीक, नवाचार, रचनात्मक सोच और समस्या समाधान आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

#### उत्कृष्ट सफलता पर दी बधाई

राष्ट्रीय स्तर की टेकाथान 2.0 प्रतियोगिता में उत्कृष्ट सफलता हासिल कर जिले को गौरान्वित करने वाले आरडी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों आशुतोष सिंह ठाकुर एवं सुहानी वर्मा सहित मार्गदर्शक शिक्षकों को आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल की डायरेक्टर श्रीमती ऋतु खंडेलवाल, प्राचार्य, स्टाफ और स्कूल प्रबंधन ने बधाई दी है। विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती खंडेलवाल ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय में विकसित किए जा रहे नवाचार एवं तकनीकी शिक्षा के वातावरण का परिणाम है।

# पचमढ़ी नागद्वारी यात्राः आस्था के सैलाब के बीच यातायात व्यवस्था ध्वस्त, घंटों जाम में फंसे रहे श्रद्धालु व पर्यटक



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

प्रसिद्ध नागद्वारी यात्रा शुरू होते ही पचमढ़ी में लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। लेकिन, इसी बीच प्रशासनिक तैयारियों और यातायात व्यवस्था की पूरी तरह पोल खुल गई है। शहर में उमड़ी इस अप्रत्याशित भीड़ को संभालने में पुलिस और ट्रैफिक बल नाकाम साबित हो रहा है, जिसके चलते पूरा पचमढ़ी भीषण जाम की चपेट में है। हालात यह हैं कि पचमढ़ी के प्रमुख प्रवेश मार्गों से लेकर शहर के भीतरी रास्तों तक गाड़ियां रेंगने को मजबूर हैं। लंबी प्रतीक्षा और भीषण जाम के कारण सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है। प्रशासनिक ढील और अव्यवस्था का फायदा उठाकर सड़कों पर वाहन चालक बेखौफ होकर तेज रफ्तार में गाड़ियां दौड़ा रहे हैं। श्रद्धालुओं का स्पष्ट आरोप है कि प्रशासन द्वारा न तो वाहनों के लिए सही जगह पार्किंग की व्यवस्था की गई है और न ही जाम से बचने के लिए ट्रैफिक डायवर्ट करने के कोई इंतजाम किए गए हैं। व्यवस्थाओं को लेकर किए गए बड़े-बड़े दावों के जमीनी स्तर पर फेल होने के कारण अब भक्तों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

# जपं में आयोजित हुई जनसुनवाई, निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर जपं सभागार में मंगलवार को जन सुनवाई आयोजित की गई, जिसमें नागरिकों ने आठ आवेदन दिए। शिकायतें निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजी गई हैं। आवेदिका कमला बाई कहार किलापुरा वार्ड ने शिकायत की है कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। जबकि उनके समीप रहने वाली एक दंपत्ति का नाम योजना सूची में है। दंपति में से पति राजस्व विभाग में तथा पत्नी शासकीय शिक्षिका है। अगले आवेदक रमेश सिंह कामती के अनुसार वह पीबीसी संभाग में श्रमिक था, लेकिन उनकी सेवानिवृत्ति समय पूर्व कर दी गई। अतः उनकी समस्या का समाधान किया जाए।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिले

आवेदक तुलसीराम सरदार वार्ड ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं मिलने की शिकायत की है। मोहनलाल नायक निवासी सिंगवाड़ा ने शिकायत की है कि सोहागपुर के एक निजी स्कूल में उनके बच्चों की फीस होने के कारण अंक सूची नहीं दी गई।

### वार्डवासियों ने की पानी निकासी की शिकायत

गौतम वार्डवासियों ने हाईवे से बरसाती पानी की निकासी नहीं होने की शिकायत की है। भगवत सिंह सिलावट शोभापुर ने शिकायत की है कि दयाराम पटेल पुत्र ज्वाला सिंह ने आवेदक के नाम से मोटरसाइकिल फाइनेंस कराई। लेकिन दयाराम किश्त जमा नहीं कर रहा है और आवेदक परेशान है। बंदीछोड़ पिपरिया निवासियों ने शिकायत की है कि गांव के हैंडपंप से गंदा पानी आ रहा है तथा गंदे पेयजल से इंदौर में हुई पेयजल घटना जैसी स्थिति बन सकती है।

### मूंग खरीदीः कहीं बारदानों की कमी तो कहीं कांटों की कमी

**पिपरिया।** विकास खण्ड में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की जा रही है। जिसमें सेवा सहकारी समिति खापरखेड़ा सेवा सहकारी समिति गाड़ाघाट सेवा सहकारी समिति रामपुर सेवा सहकारी समिति सेमरी तला के सहित लगभग 4 केंद्र चोरी छिपे बनाए गए हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार मध्यप्रदेश राज्य सरकार नर्मदापुरम जिले के नागरिक आपूर्ति अधिकारी एवं उपसंचालक कृषि सहकारिता के द्वारा खरीदी तो प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन कहीं बारदानों की कमी तो कहीं कांटों की कमी तो कहीं मजदूर हम्माल मजदूर की कमी के कारण किसानों को फसल बेचने में काफी परेशानी हो रही है। ट्रेक्टर ट्राली की लाइन मुख्य मार्ग के दोनों तरफ लगी हुई है।एक तरफ लगभग 200से 400 ट्रेक्टर ट्राली सड़कों पर लाइन में खड़े किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर

**माखनगर।** माखन लाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में सत्र 2026 -27 के नवीन प्रवेश जून माह से प्रारंभ हुए थे लगातार प्रवेश प्रक्रिया चलने के पश्चात मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए एक और अंतिम अवसर प्रवेश हेतु दिया गया है । महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे ने बताया कि पहले आओ -पहले पाओ के आधार पर 10 अगस्त से 14 अगस्त तक अंतिम चरण में विद्यार्थी पंजीयन कराकर आवश्यक दस्तावेज लेकर महाविद्यालय में उसी दिन प्रवेश ले सकते हैं।

### मानसी ने प्रतियोगिता में हासिल किया गोल्ड

**रेहटी।** मात्र दस साल की उम्र में कराटे में शानदार प्रदर्शन करने वाली मानसी यादव ने देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित नेशनल कराते प्रतियोगिता में गोल्ड हासिल किया। जिले के रेहटी रतनपुर की 17 वर्षीय बेटी भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम में कोच कुलदीप गुर्जर और दीपक सिंह नरवरिया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। मानसी ने दस साल की उम्र में ही ब्लाक और जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। रतनपुर की 17 वर्षीय बेटी मानसी यादव ने दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप कराते चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## भारी जनसमूह के लिए प्रशासन ने सुनिश्चित की आवश्यक व्यवस्थाएं

# भोले के जयकारों से गूंज रही सतपुड़ा वादियां, धूमधाम से जारी नागद्वारी यात्रा

पचमढी में प्रसिद्ध नागद्वारी मेला में महादेव के जयकारों की गूज मची है, बडी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक पचमढी पहुचकर नागद्वारी मेला का लाभ उठा रहे है। इस दौरान प्रशासन द्वारा मेले में व्यवस्थाए की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



जय भोले शंकर के शंखनाद से पचमढ़ी गूंज रही है और प्रसिद्ध नागद्वारी यात्रा धूमधाम से सतत जारी है। नागपंचमी के अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मेले में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु सतपुड़ा की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हुए नागद्वारी स्वामी के दर्शन कर रहे हैं। 8 अगस्त से 17 अगस्त तक आयोजित होने वाले मेले को लेकर जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं के पचमढ़ी पहुंचते ही पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। पचमढ़ी तहसील में कंट्रोल रूम स्थापित कर पूरे मेले की निगरानी की जा रही है। मेला समिति के अध्यक्ष श्री हिमांशु जैन एवं महादेव मेला समिति के सचिव श्री आकिप खान द्वारा व्यवस्थाओं पर सतत नजर रखी जा रही है। आवश्यकता के अनुसार विभिन्न प्वाइंटों पर सामग्री एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### ग्रीन एवं क्लीन थीम पर हो रहा नागद्वारी मेला

इस वर्ष नागद्वारी मेला ग्रीन एवं क्लीन थीम पर आयोजित किया जा रहा है। पूरे मेला क्षेत्र में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर ब्लिचिंग एवं चूना पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। फॉगिंग मशीन के माध्यम से भी दवा का छिड़काव किया जा रहा है। जलगली, काजरी, चिंतामन एवं नागद्वारी स्थल पर विभिन्न नगरपालिकाओं से आए सफाई कर्मियों द्वारा लगातार सफाई कराई जा रही है। मेला क्षेत्र में कचरा जमा न हो, इसके लिए कचरा वाहनों के माध्यम से तत्काल कचरा उठाकर निर्धारित कचरा निष्पादन क्षेत्र तक पहुंचाया जा रहा है। दुर्गम स्थलों पर भंडारे संचालित करने वाले संचालकों एवं दुकानदारों को कचरा निर्धारित डस्टबिन में ही जमा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं ताकि कचरा न फैल सके।

### सीईओ जिला पंचायत ने किया निरीक्षण



जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु जैन एवं एसडीएम श्री आकिप खान द्वारा मंगलवार को अस्थाई बस स्टैंड होटल हाइलैंड एवं मेला क्षेत्र के अन्य स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि मेले के प्रत्येक सेक्टर प्वाइंट पर सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं, जो श्रद्धालुओं की समस्याओं का तत्काल समाधान कर रहे हैं।

### श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्था, टीम कर रही मदद

श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पानी के टैंकरों की व्यवस्था की गई है। बस स्टैंड से जलगली तक पहुंचने के लिए जिप्सी वाहनों की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए इस वर्ष किराए में वृद्धि नहीं की गई है। झंडा चौक से जलगली तक 50 रुपये प्रति व्यक्ति तथा झंडा चौक से महादेव तक 70 रुपये प्रति व्यक्ति किराया निर्धारित किया गया है।

### एसडीईआरएफ और स्वास्थ्य टीम कर रही श्रद्धालुओं की मदद

मेले में एसडीईआरएफ की टीम द्वारा श्रद्धालुओं की हरसंभव सहायता की जा रही है। गत दिवस एक श्रद्धालु को दुर्गम स्थान से रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं स्वर्गद्वार के पास एक श्रद्धालु की तबीयत खराब होने पर एसडीईआरएफ की टीम ने स्ट्रेचर की सहायता से उसे समीपस्थ कैंप तक पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। मेले के दौरान साधारण अथवा गंभीर चोट लगने तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के मामलों में स्वास्थ्य अमले द्वारा त्वरित चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

# पचमढ़ी में तेज रफ्तार बोलेरो खंभे से टकराई, ड्राइवर फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

शहर के पोलो गार्डन के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खंभा और वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि इस बड़े हादसे में बोलेरो सवार श्रद्धालुओं को कोई गंभीर चोट नहीं आई। वहीं, हादसे के तुरंत बाद लोगों की पिटाई के डर से चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस घटना में एक दिलचस्प वाकया तब देखने को मिला, जब सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो तो मौजूद थी, लेकिन उसमें सवार सभी श्रद्धालु नदारद थे। एंबुलेंस कर्मियों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देने के लिए आसपास काफी तलाश की, लेकिन किसी का पता नहीं चलने पर उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। फिलहाल, पुलिस इस लावारिस दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई है।

# शादी से मुकरने पर युवती ने की थी आत्महत्या, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुरमखेड़ी में 18 वर्षीय एक युवती ने 29 जून 2026 को आत्महत्या कर ली थी। मृतिका के पिता की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। मामले में जांच उपरांत पुलिस ने मृत युवती के प्रेमी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी पिता 40 वर्ष की सूचना पर थाने में 30 जून 2026 को मर्ग की कायमी की गई थी।

### परेशान होकर की थी आत्महत्या

फरियादी पिता ने पुलिस को बताया था कि उसकी 18 वर्षीय बेटी ने 29 जून 2026 को घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मंगलवार को एएसआई गणेश राय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार संपूर्ण मर्ग की जांच एवं तकनीकी साक्ष्यों पर पाया गया कि आरोपी नीरज पिता राम अहिरवार निवासी पिपरिया के द्वारा मृतिका से प्रेम संबंध बनाकर शादी का बोलने के बाद दूसरी लड़की से सगाई की गई थी। मृतिका ने नीरज से इस बावत बात की तो उससे नीरज द्वारा मारपीट करना भी पाया गया। मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने आरोपी नीरज अहिरवार के विरुद्ध धारा 108 भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# पैसेंजर ट्रेन का समय सुबह करने की मांग अपडाउनर्स ने स्टेशन प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

## विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों को समय बदलाव से होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



इटारसी से मदनमहल के लिए प्रस्तावित यात्री ट्रेन क्रमांक 51673 के समय को लेकर यात्रियों ने आपत्ति लेते हुए समय परिवर्तन की मांग की है। इस संबंध में सोमवार शाम अपडाउनर्स ने स्टेशन प्रबंधक सोहागपुर को ज्ञापन सौंपा है।

यात्रियों ने रेल अधिकारियों से क्षेत्र की व्यवहारिक जरूरत को ध्यान में रखते हुए ट्रेन का इटारसी से प्रस्थान समय प्रातः आठ से नौ बजे के मध्य निर्धारित करने की मांग की है। ज्ञापन अनुसार वर्तमान प्रस्ताव के अनुसार ट्रेन क्रमांक 51673 इटारसी जंक्शन से प्रातः 11:40 बजे रवाना होगी। भारतीय रेलवे द्वारा जारी जानकारी अनुसार यह ट्रेन सोहागपुर सहित मार्ग के प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। वहीं जबलपुर के बड़े अस्पतालों में उपचार के लिए जाने वाले मरीजों को भी समय पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

### गुरमखेड़ी में हो स्टॉपेज

ज्ञापन के माध्यम से नागरिकों ने गुरमखेड़ी रेलवे स्टेशन पर भी ट्रेन के ठहराव की मांग की है। जिससे गुरमखेड़ी के आसपास के ग्रामीण यात्रियों को भी नई रेल सेवा का लाभ मिले।

# उखड़ा रेलवे स्टेशन से लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस तक का मार्ग, आमजन नाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में रेलवे स्टेशन से लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस तक डामर मार्ग बना है, जिसकी भालत बारिश में खराब हो गई है तथा सड़क में गड्ढे हो गए हैं। नागरिकों ने इस स्थिति पर नाराजगी जताई है।

### नप द्वारा बनाये मार्ग ही हालात खराब

कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष ऋषभ दीक्षित ने बताया कि लाखों रुपए लागत से रेलवे स्टेशन से स्टेट हाईवे तक डामरीकृत मार्ग बनाया गया था। मार्ग लोनिवि के रेस्ट हाउस के समीप समाप्त होती है। रोड का रेलवे स्टेशन से जयमल सिंह कालोनी तक का हिस्सा नप ने तथा जयमल सिंह कालोनी से स्टेट हाईवे तक का हिस्सा लोनिवि ने बनाया था। दोनों एजेंसी ने अपने हिस्से का मार्ग बनाया, लेकिन नप द्वारा बनाए गए मार्ग की हालत खराब है। उक्त मार्ग का निर्माण वर्ष 2025 में पूर्ण हुआ और कुछ दिन बाद ही हालत खराब होने से घटिया निर्माण की पोल खुल गई थी एवं अब बारिश में मार्ग और खराब हो गया है।

मार्ग में कई बड़े तथा गहरे गड्ढे होने से नागरिकों को परेशानी होती है। ऋषभ दीक्षित के अनुसार तीन वर्ष तक तो खुदे पड़े रास्ते पर गिट्टी, बोल्डर तथा बजरा डले रहे, जिससे नागरिकों को असुविधा होती थी। मार्ग से बड़े वाहनों की आवाजाही नहीं होती थी। जिसके कारण धूल उड़ने से लोगों को श्वांस रोगों का सामना भी करना पड़ रहा था। तब जनदबाव के चलते मार्ग बनाया, लेकिन इसकी हालत खराब है। बताया जाता है कि मार्ग की लंबाई लगभग 500 मीटर है।

# उखड़ा रेलवे स्टेशन से लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस तक का मार्ग, आमजन नाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में रेलवे स्टेशन से लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस तक डामर मार्ग बना है, जिसकी भालत बारिश में खराब हो गई है तथा सड़क में गड्ढे हो गए हैं। नागरिकों ने इस स्थिति पर नाराजगी जताई है।

### नप द्वारा बनाये मार्ग ही हालात खराब

कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष ऋषभ दीक्षित ने बताया कि लाखों रुपए लागत से रेलवे स्टेशन से स्टेट हाईवे तक डामरीकृत मार्ग बनाया गया था। मार्ग लोनिवि के रेस्ट हाउस के समीप समाप्त होती है। रोड का रेलवे स्टेशन से जयमल सिंह कालोनी तक का हिस्सा नप ने तथा जयमल सिंह कालोनी से स्टेट हाईवे तक का हिस्सा लोनिवि ने बनाया था। दोनों एजेंसी ने अपने हिस्से का मार्ग बनाया, लेकिन नप द्वारा बनाए गए मार्ग की हालत खराब है। उक्त मार्ग का निर्माण वर्ष 2025 में पूर्ण हुआ और कुछ दिन बाद ही हालत खराब होने से घटिया निर्माण की पोल खुल गई थी एवं अब बारिश में मार्ग और खराब हो गया है।

मार्ग में कई बड़े तथा गहरे गड्ढे होने से नागरिकों को परेशानी होती है। ऋषभ दीक्षित के अनुसार तीन वर्ष तक तो खुदे पड़े रास्ते पर गिट्टी, बोल्डर तथा बजरा डले रहे, जिससे नागरिकों को असुविधा होती थी। मार्ग से बड़े वाहनों की आवाजाही नहीं होती थी। जिसके कारण धूल उड़ने से लोगों को श्वांस रोगों का सामना भी करना पड़ रहा था। तब जनदबाव के चलते मार्ग बनाया, लेकिन इसकी हालत खराब है। बताया जाता है कि मार्ग की लंबाई लगभग 500 मीटर है।

### सोहागपुर क्षेत्र में नदी में डूबने से चार वर्षीय बालक की हुई मृत्यु

**सोहागपुर।** सोहागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मरकाढाना की नदी में डूबने से चार वर्षीय एक बालक की सोमवार को मृत्यु हो गई है। पुलिस के अनुसार सूचनाकर्ता लक्ष्मण भलावी 35 वर्ष निवासी मरकाढाना द्वारा इस आशय की सूचना दी गई है। जिसके अनुसार फरियादी 10 अगस्त 2026 को सुबह मजदूरी पर गया था। शाम को भतीजे विनोद ने फोन पर बताया कि फरियादी का चार वर्षीय लड़का अमित भलावी घर से कुछ दूर स्थित राई नदी में डूब गया। नदी के पास पहुंचकर देखा तो पाया कि अमित नदी किनारे पड़ा हुआ था एवं बोल नहीं रहा था। फरियादी की पत्नी किरण ने बताया कि अमित सोमवार दोपहर तीन बजे नदी के पास शौच करने का बोलकर गया था। परिजन अमित को सरकारी अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर के जांचकर चार वर्षीय अमित भलावी को मृत घोषित किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम किया एवं मंगलवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

## द चैम्प्स फन स्कूल में आयोजन, प्राचार्य ने दी बधाई

# विभिन्न ओलंपियाड में स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम, स्वर्ण पदकों से विद्यार्थियों ने बढ़ाया शाला का गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



द चैम्प्स फन स्कूल में आज साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा आयोजित विभिन्न ओलंपियाड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धियों ने विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। एसओएफ द्वारा जारी वर्ष 2025-26 की पदक विजेता सूची के अनुसार विद्यालय के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय इंग्लिश ओलंपियाड, अंतरराष्ट्रीय मैथ्स ओलंपियाड एवं अंतरराष्ट्रीय जनरल नॉलेज ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र प्राप्त किए। इस अवसर पर द चैम्प्स फन स्कूल की निदेशक श्रीमती जूही चटर्जी, प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी, उप-प्राचार्य श्रीमती काकोली रॉय चौहान, स्कूल कॉर्डिनेटर श्रीमती रीना मालवीय, अकादमिक कॉर्डिनेटर श्रीमती स्नेहा शर्मा एवं एडमिन ऑफिसर श्रीमती विनीता जैसलानी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय इंग्लिश ओलंपियाड में दक्ष हर्ने, दिविशा यादव एवं अयांश दुबे ने उत्कृष्टता का स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।अंतरराष्ट्रीय मैथ्स ओलंपियाड में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्टता के स्वर्ण पदक प्राप्त किए। पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में माही माछीवार, अद्विक साहू, दक्ष हरने मानसी पुरविया, अन्वेषा गौर, निर्वी तोमर, श्रीनिति पटेल, आश्वत सिंह, सौभाग्या पटेल, कार्तिक ठाकुर, आंजनेय सोनी, दृष्टि शर्मा, अध्विक गोयल, संस्कृती काकोड़िया एवं मीरा मेहर शामिल हैं। समारोह के दौरान विद्यार्थियों को पदक एवं सम्मान प्रदान किए गए। द चैम्प्स फन स्कूल के लिए यह उपलब्धि गर्व का विषय है। यह विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, विद्यार्थियों की मेहनत तथा शिक्षकों के समर्पित है।

### हर घर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ

**पिपरिया।** नगरपालिका परिषद क्षेत्र के शहीद भगत सिंह कालेज में हर घर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल पवन वालिया जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ राजीव माहेश्वरी एवं अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं प्रोफेसर छात्राओं छात्र की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्व प्रथम मां सरस्वती पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों के स्वागत सम्मानित करने के बाद सभी अतिथियों के द्वारा शहीद भगत सिंह एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

### सांदीपनी विधालय में हुए छात्रसंघ के चुनाव

**पिपरिया।** नगर का गौरवशाली सांदीपनि विद्यालय आर एन ए उत्कृष्ट विद्यालय में शासन के नियमानुसार बाल एवं छात्र संसद के चुनाव कराए गए। प्राचार्य संजीव दुबे के मार्गदर्शन में गठित समिति की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। समिति ने वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाओं में मनीष जैन बंदना बारोलिया यामिनी पटेल गिरीश गौतम एवं संसद प्रभारी राजकिशोर पटेल शामिल हुए। निर्वाचन प्रक्रिया के बाद छात्र संसद का गठन किया गया।देव अहिरवार को प्रधानमंत्री , आकांक्षा नायर को उप प्रधानमंत्री , अर्चना साहु को शिक्षा मंत्री, समर्थ चतुर्वेदी को अनुशासन मंत्री, ऋतुराज राजपूत को खेल मंत्री ,प्रथम सिलावट को संस्कृती मंत्री, तनिष्का सिसौदिया को सूचना एवं प्रसारण मंत्री, मोहिनी ठाकुर को पर्यावरण मंत्री यसशवी कुशवाहा को स्चुवासथय आदित्य गढ़वाल को परिवहन मंत्री बनाया गया।सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।छात्र संसद ने विद्यालय के अनुसार शिक्षा खेल संस्कृति स्वास्थ्य पर्यावरण एवं विकास कार्य में निष्ठा से सहयोग करने का संकल्प लिया गया।

# बच्चों की प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित, दी बधाइयां



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया न्यायालय परिसर में उल्लास कार्यक्रम आयोजित किया गया।10 वर्ष से कम आयु के बच्चो को निबंध लेखन चित्र कला प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया।इस अवसर पर प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार अग्रवाल द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दिशा चांडक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी निशा रघुवंशी ने बच्चों से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान धर्मेन्द्र नागवंशी वेद प्रकाश भार्गव तथा सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया गया कि न्यायालय परिसर में पहली बार कार्यक्रम बच्चों के लिए प्रतिभागियों रचनात्मक कार्य आत्म विश्वास बढ़ाने कि सराहनीय कदम रहा।

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2026 को शुष्क दिवस घोषित किया है। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एम्बी वाईन शॉप, एफ.एल.एल.-2 बार एण्ड रेस्टोरेन्ट तथा सीपवेल आउटलेट एवं वायनरी की दुकानें पूरे दिन बन्द रखी जायेंगी। इस अवधि में देशी व विदेशी मदिरा का क्रय-विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### भीकनगांव विधानसभा की कांग्रेस संगठन समीक्षा बैठक आज से

**खरगोन।** संगठन सृजन के तहत मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी खरगोन के अध्यक्ष रवि नाईक की अध्यक्षता में भीकनगांव विधानसभा सभी छः ब्लॉकों में संगठन समीक्षा बैठक आज दिनांक 11 अगस्त 2026 से प्रारंभ होकर 13 अगस्त 2026 तक आयोजित की जावेगी।उक्त बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक विधायक के साथ क्षेत्रीय विधायक एवं उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी झूमा सोलंकी, जिला कांग्रेस प्रभारी ठाकुर जय सिंह , विधानसभा प्रभारी एवं ब्लॉक प्रभारी भी उपस्थिति रहेंगे। उक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राजेश मंडलोई द्वारा दि गई।

### अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू

**सीहोर।** उच्च शिक्षा के लिए छात्राओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्ष 2026-27 के प्रथम चरण के लिए आवेदन की प्रक्रिया 10 अगस्त 2026 से प्रारंभ हो गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पूरी तरह निःशुल्क है तथा आवेदन के किसी भी चरण पर किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति के तहत मध्य प्रदेश में वर्ष 2024-25 में 18 हजार से अधिक छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई, जिसमें सीहोर जिले की 832 छात्राएं लाभान्वित हुईं। वहीं वर्ष 2025-26 में प्रदेश की 53 हजार 300 से अधिक छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली, जिसमें सीहोर जिले की 1588 छात्राएं शामिल हैं। योजना के तहत ऐसी छात्राएं पात्र हैं, जिन्होंने सरकारी स्कूल से कक्षा 10वीं और 12वीं की पढ़ाई की हो तथा किसी प्रमाणिक उच्च शिक्षा संस्थान में डिग्री या डिप्लोमा कार्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया हो। प्रमाणिक उच्च शिक्षा संस्थानों में सभी सरकारी संस्थान तथा चयनित निजी उच्च शिक्षा संस्थान शामिल हैं। यह छात्रवृत्ति निर्धारित पात्र राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की छात्राओं के लिए उपलब्ध है, जिसमें मध्य प्रदेश भी शामिल है।

### पर्व की तैयारी के लिए लगाई ड्यूटी

**सीहोर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिला स्तरीय समारोह सीहोर के परेड ग्राउंड पर आयोजित होगा। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह की आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी अधिकारियों को कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होकर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

---

पन्द्रहवें वर्ष में यात्रा ने लिया विराट स्वरूप

# चौरासी महादेव दर्शन यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, श्रद्धालुओं ने किए महादेव के दर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

श्रावण मास के पावन अवसर पर आयोजित चौरासी महादेव दर्शन यात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा के पन्द्रहवें वर्ष में धार्मिक आयोजन ने इस बार विराट स्वरूप धारण किया। खरगोन शहर के साथ बड़वानी जिले सहित विभिन्न तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन के लिए पहुंचे। यात्रा के संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत पं. जगदीश ठक्कर ने बताया कि पुराणों में चौरासी महादेव के दर्शन का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि एक ही दिन में चौरासी महादेव के दर्शन करने से चारधाम यात्रा, 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन एवं पवित्र नदियों में स्नान के समान पुण्यफल प्राप्त होता है। इसी आस्था और श्रद्धा के साथ बड़ी संख्या में भक्त यात्रा में शामिल हुए। धार्मिक यात्रा के साथ मानव सेवा का संदेश, 30 भक्तों ने किया रक्तदान

चौरासी महादेव यात्रा समिति की ओर से आयोजित रक्तदान अभियान में 30 भक्तों ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए मानव सेवा का अनुकरणीय संदेश दिया। समिति ने रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धर्म के साथ सेवा का यह संकल्प समाज के लिए प्रेरणादायी है।

### प्रशासन एवं सेवा दल का जताया आभार

समिति अध्यक्ष इंजी. नीतिन मालवीय ने यात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले पुलिस प्रशासन, नगरपालिका, चिकित्सा विभाग सहित सभी सेवा दलों का आभार व्यक्त किया। यात्रा के दौरान इन विभागों ने श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कीं। इंजी. लोकेश गोले सहित पूरी यात्रा समिति ने यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं, सेवा कार्य में जुटे कार्यकर्ताओं एवं सहयोग प्रदान करने वाले सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

### इन क्षेत्रों से भी पहुंचीं श्रद्धालुओं की टोलियां

जामली, बिस्टान, भसनेर, लौहारी, धनौरा, पिपलाटा, गोगांव, सैलदा, बिलखेड़, बिलखेल, मेनगांव, बड़गांव, नागझिरी, मंगरिया, तलवाड़, अंजड़, कुम्हारखेड़ा, गावसेन, उमरखली, कसरावद सहित अनेक ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालुओं की बड़ी-बड़ी टोलियां यात्रा में शामिल हुईं। समिति ने कहा कि भक्तों की अटूट श्रद्धा, सेवा भावना और सामूहिक सहयोग के कारण चौरासी महादेव यात्रा हर वर्ष नए आयाम स्थापित कर रही है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आगामी वर्षों में भी इसी प्रकार सहयोग एवं सहभागिता बनाए रखने का आह्वान किया।

### हर हर महादेव एवं भोले शंभू भोलेनाथ के जयकारों से गूंजे शिवालय

**खरगोन।** पवित्र श्रावण मास में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव का विधिवत से पूजन-अर्चन व अभिषेक किया। तड़के से ही शिवालयों में भक्तों का तांता लगना शुरू हुआ। इस दौरान भक्तों द्वारा लगाए गए हर हर महादेव एवं भोले शंभू भोलेनाथ के जयकारों से शिवालय गूंजे। इसी के अंतर्गत भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर में भी श्रावण मास का द्वितीय सोमवार धुमधाम से मनाया। सार्वजनिक श्रावण मास शिवडोला समिति के सहमीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि श्रावण सोमवार होने से प्रातः 4 बजे बजे मंदिर के पट खुले और पूजन-अर्चन का दौर शुरू हुआ। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान सिद्धनाथ का बिल पत्र, फूल, जल, दूध से पूजन-अर्चन व अभिषेक कर अच्छी बारिश की कामना की। श्रावण मास के दौरान रोजाना भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव जी का फूलों से श्रृंगार किया जा रहा है।

#### इन मंदिरों में भी चला पूजन-अर्चन का दौर



श्रावण मास के द्वितीय सोमवार सराफा बाजार स्थित श्री नीलकंठ मंदिर, कसरावद रोड़ स्थित श्री मेलडेरेश्वर महादेव मंदिर, कुंदा नदी तट स्थित श्री बड़घाटेश्वर मंदिर, बाकी माता पथ स्थित श्री महाबलेश्वर मंदिर, कुंदा नदी तट स्थित काला देवल व महाकाल मंदिर, ज्योति नगर स्थित श्री ज्योतेश्वर महादेव मंदिर, जैतापुर स्थित श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर, गांधी नगर स्थित श्री महामृत्युंजय मंदिर,



डीआरपी लाईन स्थित श्री नीलकंठ मंदिर, कृषि उपज मंडी स्थित श्री आशुतोष महादेव मंदिर, चमेली की बाड़ी स्थित श्री रामेश्वरम शिव मंदिर, भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, ब्राह्मणपुरी स्थित श्री ज्येश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन व अभिषेक किया गया।

---

नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा

# पिछले 24 घंटों में जिले में 20.4 मि.मी. औसत वर्षा

**नर्मदा के घाटों पर स्नान और नौकायन प्रतिबंधित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में गत चौबीस घंटों में 20.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 17.8 मि.मी., टिमरनी में 25.5 मि.मी., खिरकिया में 40.4 मि.मी., सिराली में 5.7 मि.मी. तथा रहटगांव में 13 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 564.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 607.1 मि.मी., टिमरनी में 580.3 मि.मी., खिरकिया में 643.4 मि.मी., सिराली में 489.5 तथा रहटगांव में 504.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 11 अगस्त तक 648.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी। नर्मदा घाटी में भारी वर्षा के चलते नर्मदा नदी एवं सहायक नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। संभावित बाढ़ एवं जनहानि की आशंका को देखते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी हरदा श्री अशोक कुमार डेहरिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत नर्मदा घाटों पर स्नान एवं नौकायन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।

जारी आदेश में बताया गया है कि नर्मदाघाटी में स्थित मंडला, अनूपपुर, नर्मदापुरम सहित अन्य जिलों में भारी वर्षा के कारण नर्मदा एवं उसकी सहायक नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में नदी कभी भी खतरे के निशान तक पहुंच सकती है। नर्मदा घाटों पर स्नान एवं नौकायन के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने से जनहानि की संभावना को देखते हुए यह प्रतिबंध लगाया गया है। एसडीएम ने आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारियों तथा संबंधित अधिकारियों को घाटों पर निगरानी रखने और आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिला होमगार्ड कमांडेंट को नर्मदा घाटों पर स्पीड बोट सहित एसडीआरएफ के जवान एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जनपद पंचायत हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नर्मदा घाट के समीप स्थित ग्राम पंचायतों के सचिव एवं सहायक सचिवों के माध्यम से आदेश की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी हंडिया तथा थाना प्रभारी हंडिया को भी सतत निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आदेश 11 अगस्त 2026 को जारी किया गया है।

---

## बाइक की टक्कर से घायल महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ा, जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** शहर के फाइल वार्ड निवासी 50 वर्षीय महिला लक्ष्मीबाई की सोमवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार सुबह ग्राम कोलीपुरा टप्पर के पास उनकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल लक्ष्मीबाई को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार रात हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उन्हें भोपाल रेफर किया, लेकिन भोपाल ले जाते समय भेरुंदा के पास रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के फाइल वार्ड में रहने वाली लक्ष्मीबाई पति किशनलाल की उम्र 50 वर्ष थी। वह हलवाई के पास पूड़ी बनाने का काम करती थीं। शनिवार सुबह वह पड़ोस में रहने वाले एक लड़के के साथ हलवाई के पास काम पर जाने के लिए निकली थीं। लक्ष्मीबाई बाइक से जा रही थीं।

इसी दौरान ग्राम कोलीपुरा टप्पर के पास उनकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने मदद की और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद लक्ष्मीबाई को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा था। परिजन भी उनके साथ अस्पताल में मौजूद थे। कुछ दिनों तक उपचार चलने के बाद सोमवार रात उनकी हालत अचानक बिगड़ गई। सोमवार रात लक्ष्मीबाई की तबीयत ज्यादा खराब होने पर डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया। परिजन उन्हें एंबुलेंस से भोपाल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में भेरुंदा के पास उनकी हालत और बिगड़ गई। भोपाल ले जाते समय भेरुंदा के पास रास्ते में ही लक्ष्मीबाई की मौत हो गई। इसके बाद उन्हें वापस जिला अस्पताल लाया गया। मंगलवार सुबह अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस अब सड़क हादसे की जांच कर रही है।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी शैलेन्द्र बड़ोनिया, डिप्टी कलेक्टर श्वेता बम्होरे सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में हरदा के शेख मजीद व वार्ड क्रमांक 35 निवासी अशोक ने आवेदन देकर विद्युत बिल अधिक आने के संबंध में शिकायत की, जिस पर महाप्रबन्धक विद्युत वितरण कम्पनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम गोदड़ी निवासी दयाराम मानकर अपने पुत्र का प्रवेश सीएम राइज स्कूल करताना में कराने हेतु आवेदन दिया, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी को पात्रता अनुसार प्रवेश कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम बैड़यिाकला के ग्रामीणों ने जनसुनवाई में आवेदन देकर मुहालकला फिडर से आने वाली एचपीसीएल लाइन के खम्बे ठीक कराने तथा ग्राम भीमपुरा से बैड़यिाकला तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की मरम्मत कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम रातातलाई निवासी देवलाल ने दो माह का राशन प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

खाद्य प्रतिष्ठानों से घी के नमूने लिए

## दूध व पनीर के नमूने अवमानक पाए जाने पर नोटिस किए जारी

**हरदा।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को हरदा के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि इस दौरान हरदा में समर्पण प्रोविजन तथा अग्रवाल प्रोविजन से घी सैंपल लिया गया। सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएंगी। श्री कांबले ने बताया कि पूर्व में माँ भगवती राजस्थान स्वीट नमकीन चारूवा का पनीर, मां रेवा डेरी हरदा तथा कैलाश भैया दूध डेरी हरदा का दूध सैंपल अवमानक पाया गया। पनीर के सैंपल में मॉइस्चर व फैट कम पाया गया। इसी प्रकार दोनों दूध में एसएनएफ कम पाया। तीनों प्रतिष्ठानों को 46(4) का नोटिस जारी किया गया। इसके बाद तीनों प्रतिष्ठानों का प्रकरण सक्षम न्यायालय में पेश किया जाएगा।




---

युवक कांग्रेस ने बस यात्रियों के बीच पहुंचकर जाना महंगाई और बढ़े किराए का असर

## बस किराया बढ़ाकर जनता की जेब पर डाला अतिरिक्त बोझ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



बस किराए में हुई वृद्धि के विरोध में जिला युवक कांग्रेस खरगोन ने बस स्टैंड पहुंचकर यात्रियों से सीधा संवाद किया। युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बस यात्रियों से बढ़े हुए किराए और लगातार बढ़ रही महंगाई से उनके दैनिक जीवन एवं घरेलू बजट पर पड़ रहे असर की जानकारी ली।

जिला युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष सिद्धार्थ वर्मा (सिद्धू) ने कहा, "श्रावण के पावन महीने में भी सरकार जनता को नहीं बख्श रही है। जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने में सरकार को न राखी दिख रही है, न श्रावण—बस जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ाया जा रहा है।" उन्होंने कहा कि सरकार को आम जनता की परेशानी समझते हुए बस किराए में की गई वृद्धि पर तत्काल पुनर्विचार करना चाहिए। युवक कांग्रेस ने कहा कि बढ़ा हुआ बस किराया विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, मजदूरों और रोजाना यात्रा करने वाले आम नागरिकों के लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से उपाध्यक्ष जिला युवक कांग्रेस सिद्धार्थ वर्मा सिद्धू , विधानसभा उपाध्यक्ष आवेश खान, नोबल कुशवाह, ध्रुव सोनी, आदित्य वर्मा, मुदित सांवले, साद खान सहित अनेक युवक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मूसलाधार बारिश से नदी-नाले उफने एसडीआरएफ और 108 टीम बनी देवदूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/अहमदपुर

जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। बीती रात 12 बजे से शुरू हुए बारिश के दौर से महज 5 घंटों के भीतर ही पूरा सीहोर शहर और श्यामपुर क्षेत्र जलमग्न हो गया। हालांकि सुबह 12 बजे के बाद बारिश का दौर थम गया और दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहे, लेकिन तब तक नदी-नाले उफान पर आ चुके थे। आफत की इस बारिश के बीच जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर आ गया है। सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्टर बालागुरु के. ने जिले के स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया और अधिकारियों को मैदानी स्तर पर मुस्तैद रहने के निर्देश जारी किए हैं।

बता दें भीषण जलप्रलय के बीच जमनी गांव में एक भावुक कर देने वाली घटना सामने आई। गांव की एक गर्भवती महिला को प्रसूति के लिए जिला अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में पडने वाला नाला उफान पर होने से आवागमन पूरी तरह ठप्प हो चुका था। महिला की बिगड़ती सांसों को देख 108 एम्बुलेंस के ईएमटी सुभाष सेन, पायलट कमल सिंह मालवीय और एसडीआरएफ की टीम ने देवदूत बनकर मोर्चा संभाला। उफनती लहरों की परवाह किए बिना टीम ने अपनी जान जोखिम में डालकर महिला को सुरक्षित नाला पार कराया और समय रहते अस्पताल पहुंचाया।

---

'हम तैयार करते हैं कल के इनोवेटर्स'... विशेष कार्यशाला आयोजित

## नवरत्न पब्लिक स्कूल में ह्यूमन रोबोटिक्स का अभिनव प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



नवरत्न पब्लिक स्कूल, मेनगांव, खरगोन में विद्यार्थियों के लिए ह्यूमन रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में बच्चों को ह्यूमन रोबोट से रूबरू कराया गया तथा रोबोट के साथ इंटरैक्टिव संवाद एवं साक्षात्कार कराया गया। विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स की कार्यप्रणाली और दैनिक जीवन में AI के महत्व को रोचक तरीके से समझा।

इस अवसर पर शिक्षकों के लिए भी विशेष वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में AI एवं आधुनिक तकनीक के उपयोग पर मार्गदर्शन दिया गया। मेनगांव क्षेत्र में इस प्रकार की पहल विद्यालय की तकनीक आधारित शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यालय के डायरेक्टर मनीष यादव एवं प्राचार्य अंजलि परसाई ने इस अभिनव पहल को विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं तकनीकी भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

हर घर तिरंगा अभियानः तिरंगा रैली में गूंजे भारत माता और वंदे मातरम के जयघोष

## खिलाड़ियों ने घर-घर तिरंगा फहराने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सोमवार को स्थानीय नेहरू स्टेडियम से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में फुटबॉल, हॉकी, खो-खो, पुलिस भर्ती क्लब, कबड्डी, वॉलीबॉल एवं क्रिकेट सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया।ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि रैली का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान एवं खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक भूपेंद्र सिंह तोमर ने किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने हाथों में तिरंगा लेकर "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्", "हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा" के नारों के साथ देशभक्ति का संदेश दिया।

तिरंगा रैली नेहरू स्टेडियम गेट नंबर-4 से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप चौक, सनफ्लॉवर स्कूल, वीर तेजाजी चौक, बलराम चौक, नायरा पेट्रोल पंप से होकर नेहरू स्टेडियम के गेट नंबर-1 पर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में हॉकी कोच संदीप सौदे, फुटबाल कोच अजय पुरवइया, कोच अभिषेक राजपूत, खो खो कोच पलक उइके, इमरान खान, एथेलेटिक्स कोच राजेश जाट सहित खिलाड़ी व नागरिकजन उपस्थित रहे। रैली के माध्यम से खिलाड़ियों ने नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। खिलाड़ियों में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, हरदा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं खिलाड़ियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और नागरिकों में देशभक्ति की भावना जगाना है।